# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग


क्रमांक : परीक्षा / 2022 / दिनांकः

## मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी संशोधित विज्ञप्ति

राजस्थान विश्वविद्यालय पूर्व विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा / 2022 / 2307 दिनांक 03.11.2022 की निरन्तरता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध / संघटक महाविद्यालयों के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा–2023 के परीक्षा आवेदन पत्र **वेबसाईट www.univraj.org** पर ऑनलाईन पद्धति से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रू. 100 / – सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500 / – सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम पार्ट–I, II एवं III (पास / ऑनर्स / एडीशनल) व स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति) पूर्वार्द्ध / उत्तरार्द्ध (समस्त नियमित, पूर्व छात्र व स्वयंपाठी परीक्षार्थी) | 09.11.2022 से 07.12.2022 | 08.12.2022 से 14.12.2022 | 15.12.2022 से 21.12.2022 |
| 2 | बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए. / विज्यूअल आर्टस् / बी.म्यूजिक / बी.डिजाईन, बी.ए. (डीफ एण्ड डम्ब) (समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र) | | | |
| 3 | समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, एड–ऑन कोर्सेज, मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा) (समस्त नियमित परीक्षार्थी) | | | |
| 4 | एल.एल.बी. / बी.एड. / बी.एस.सी. बी.एड. / बी.ए.बी.एड. पार्ट–I (समस्त नियमित परीक्षार्थी) | | | |

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 24 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा।**
2. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फार्म व नामांकन / योग्यता फार्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फार्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
3. स्नातक (कला / विज्ञान) / स्नातकोत्तर भूगोल विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः **निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करवाकर निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करावें।** तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबवाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं **तथा भविष्य में परीक्षा संबंधी समय सारिणी तथा अन्य जानकारियों हेतु समय–समय पर वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।** परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हेंण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।

नोटः– परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **7304914963** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

Sd/-

**परीक्षा नियंत्रक**

**कृ.पृ.उ.**

क्रमांक : परीक्षा / 2022 / 3007 – 3020 दिनांक: 21-11-22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म व नामांकन / योग्यता फार्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजो के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पार्ट–प्रथम हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

   (स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2023 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का श्रम करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
5. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर।
6. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. निदेशक, छात्र सलाहकार केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**